हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 शहर की स्वच्छता व सौंदर्यीकरण को लेकर नप की बैठक, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर जोर



12 जिले में 15 से शुरू होगा सघन पुनरीक्षण अभियान



## खबर संक्षेप

### मंदोला में फायरिंग का आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** मंदोला गांव में अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। गांव के युवक महेश पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने प्रिंस को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि प्रिंस ने नरेश के साथ मामूली कहासुनी होने के बाद पिता की बंदूक से फायरिंग की। गोली नरेश की जगह उसके भाई महेश को लगी थी, जिससे वह घायल हो गया था। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। रोहतक नेशनल हाइवे पर पाल्हावास के पास हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने गत 21 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने खेड़ा आलमपुर निवासी सुखबीर को गिरफ्तार किया है। खाल थाना पुलिस ने 4 जून को दर्ज मामले में जैनपुरी निवासी अभय जैन को गिरफ्तार किया है, जबकि मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 1 जून को दर्ज मामले में विजय नगर निवासी बलवंत को गिरफ्तार किया है।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। नई आबादी निवासी पवन कुमार कोर्ट केस के चलते लगातार पेशी से बच रहा था। नोटिस दिए जाने के बाद कोर्ट ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी दबोचा

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा ने आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने गत वर्ष 9 दिसंबर को आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने बताया था कि उसे हथियार राजस्थान के मिलकपुर निवासी दीपक उर्फ बल्ली ने मुहैया कराया था। सीआईए धारूहेड़ा ने आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** पुलिस ने चोरी के तीन मामलों में पूछताछ के लिए एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। यूपी के दरबार खुर्द निवासी वकील उर्फ खान को पुलिस ने बीते माह चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने मार्च माह में हुई चोरी की तीन वारदातों में उसकी संलिप्तता पाए जाने पर कोर्ट से उसे प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। इससे पूर्व भी आरोपी को अन्य मामलों में प्रोडक्शन वारंट पर लिया जा चुका है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### झाल गांव से एक युवक लापता

**कोसली।** झाल गांव से एक युवक बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गया। युवक के कोसली निवासी मौसा सुदर्शन ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके साढू विक्रम यादव का 20 वर्षीय लड़का हर्षित यादव वीरवार प्रातः घर से कहीं चला गया है। उन्होंने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### लाइन शिफ्टिंग के लिए डीएचबीवीएन के अधिकारियों ने लिया जायजा

# माजरा एम्स के आरओबी का निर्माण जल्द निरीक्षण के लिए पहुंचे संबंधित अधिकारी

- एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने भी की आपस में मंत्रणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

माजरा में निर्माणाधीन एम्स के कैंपस को सीधे रेवाड़ी-जैसलमेर नेशनल हाइवे से कनेक्ट करने के लिए प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने वाला है। आरओबी निर्माण शुरू करने से पहले बिजली लाइनों को शिफ्ट किया जाना है। लाइन शिफ्टिंग के संदर्भ में हिसार से डीएचबीवीएन के एसई भी माजरा पहुंचे। लगभग 210 एकड़ जमीन पर बन रहे एम्स को जेसलमेर नेशनल हाइवे से सीधी कनेक्टिविटी देने के लिए पहले रेलवे अंडरपास बनाए जाने की योजना थी। बाद में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से रेलवे ओवरब्रिज बनाने को मंजूरी मिली। आरओबी बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन रेलवे लाइन के आसपास बिजली की डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों का जाल बिछा हुआ है। इन लाइनों को शिफ्ट करने के बाद ही आरओबी का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। बिजली की लाइनें दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम की हैं, जिन्हें शिफ्ट करने पर लाखों रुपये की लागत आने का अनुमान है। सूत्रों के अनुसार बिजली की लाइनें शिफ्ट होते ही आरओबी का निर्माण भी जल्द शुरू कराया जाएगा। आरओबी की मांग बीते दिनों विधानसभा सत्र के दौरान भी एमएलए डा. कृष्ण कुमार की ओर से प्रमुखता से उठाई गई थी। शुक्रवार को दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के कंट्रक्शन विंग के अधीक्षण अभियंता अनुपम कटियार हिसार से माजरा पहुंचे। उनके साथ एसडीओ विनोद अग्रवाल व निगम के अन्य अभियंता मौजूद रहे। एनएचएआई के अधिकारियों के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन सतेंद्र कुमार व दूसरे अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहे। एम्स निर्माण समिति के प्रधान जगदीश यादव सहित एम्स समिति के सदस्य भी अधिकारियों के साथ उपस्थित थे।

डीएचबीवीएन के अधिकारियों ने आरओबी निर्माण के स्थान का अवलोकन करने के बाद बिजली की लाइनों को शिफ्ट करने के लिए स्थान पर मंथन शुरू किया। एम्स की साइट के पास से बड़ी संख्या में निगम की लाइनें गुजर रही हैं। इनमें कुछ लाइनें जैसलमेर नेशनल हाइवे के पास से भी गुजर रही हैं।





रेवाड़ी। माजरा में निर्माणाधीन एम्स का भवन, बिजली लाइन शिफ्टिंग के लिए मौके का जायजा लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### निगम अधिकारियों से हो चुकी बात

आरओबी का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। बिजली लाइनों को शिफ्ट कराने के बाद ही कार्य शुरू हो सकेगा, इसलिए शुक्रवार को निगम के अधिकारियों से एम्स की साइट पर मंत्रणा हुई। निगम अधिकारियों ने लाइनों को जल्द शिफ्ट कराने का आश्वासन दिया है।

-सतेंद्र कुमार, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।

### तेजी से चल रहा एम्स का निर्माण कार्य

पुल निर्माण शुरू करने से पहले इन लाइनों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाना जरूरी है। लाइन शिफ्ट करने का कार्य एस्टीमेट तैयार होने के बाद शुरू कराया जाएगा। एम्स का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी सत्र से एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने की पूरी संभावना है। बीते दिनों एसोसिएट और सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है। आयुष भवन लगभग तैयार हो चुका है। एमबीबीएस की कक्षाओं के साथ ही एम्स की ओपीडी भी शुरू कराने के प्रयास चल रहे हैं। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव भी एम्स का दौरा करने के बाद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे चुकी हैं।

### ट्यूबवेल की केबल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने डहीना में ट्यूबवेल की केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में डहीना निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह खेतती-बाड़ी का कार्य करता है। उसके गांव के मलूक ने उसे फोन पर बताया कि एक व्यक्ति उसके कुएं पर केबल जला रहा है। इसके बाद वह अपने ट्यूबवेल पर गया, तो उसकी लगभग 8 हजार रुपये की केबल गायब थी। मलूक ने केबल जलाने वाले व्यक्ति को पकड़ा हुआ था। उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गुरूग्राम के कादिपुर निवासी विजय बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे काबू कर लिया।

### कंपनी का सामान चोरी करने के आरोप में सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** बावल के सेक्टर-9 की एक इंजीनियरिंग कंपनी से 111 टन माल चोरी करने के मामले में एक सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया है। कंपनी में चोरी के बाद वह काम छोड़कर चला गया था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। कंपनी के निदेशक नवीन कुमार ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि गत 1 मार्च को कंपनी के वार्षिक स्टॉक सत्यापन के दौरान पाया कि कंपनी का 93 टन माल गायब है। कंपनी प्रबंधन ने इसकी आंतरिक जांच शुरू कर दी। 3 मार्च को 2:39 बजे प्लांट की लाइट 40 मिनट के लिए बंद हो गई। अगले दिन स्टॉक चेक करने पर 18 टन माल गायब मिला। इस दौरान कंपनी के सीसीटीवी कैमरे भी बंद हो गए थे। पड़ोस की कंपनी के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने पर एक गाड़ी प्लांट में प्रवेश करते हुए व बाद में सामान लेकर जाते हुए दिखाई दी। उस समय प्लांट में एक सिक्योरिटी गार्ड नरेंद्र ही मौजूद था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर 28 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सिरोड़ निवासी नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

# आईजीएल की पाइप लाइन लीक होने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- मौके पर मौजूद रही पुलिस और फायर ब्रिगेड

धारूहेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार दोपहर बाद आईजीएल कंपनी की गैस पाइप लाइन में रिसाव होने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए। कंपनी के इंजीनियरों ने वॉल्व बदलकर लाइन की लीकेज बंद की। कंपनी की ओर से पाइप लाइन से गैस की आपूर्ति बंद करा दी गई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इंद्रप्रस्थ गैस लि. की ओर से इंडस्ट्रियल एरिया और अन्य स्थानों पर पीएनजी कनेक्शनों के लिए लाइन बिछाई हुई है। दोपहर बाद किसी व्यक्ति ने लाइन के पास से गुजरते हुए गैस रिसाव की आवाज सुनाई दी। उसने तुरंत गैस कंपनी के कस्टमर केयर को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कंपनी के कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद कंपनी के इंजीनियर और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। आसपास के एरिया के लोगों को जब गैस लीक होने की सूचना मिली, तो उनमें हड़कंप मच गया।



रेवाड़ी। गैस लीक की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड।

### वॉल्व से लीक हो रही थी गैस

कंपनी के इंजीनियर मौके पर पहुंचे तो पाइप लाइन पर लगे वॉल्व के पास से गैस लीक हो रही थी। इससे पहले ही कंपनी की ओर से पाइप लाइन की गैस सप्लाई को बंद करा दिया गया, ताकि गैस का रिसाव रुक सके। उन्होंने तुरंत वॉल्व मंगवाकर वॉल्व बदलने का कार्य शुरू किया। देर शाम तक वॉल्व बदलने के बाद लीकेज को बंद कर दिया गया। इस दौरान पाइप लाइन से जुड़े उपभोक्ताओं की आपूर्ति घंटों बाधित रही।

# स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में 15 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव पीथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में 15 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गत वर्ष 22 सितंबर को गांव पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था। उसका व्हाट्सएप पर आरोपियों से संवाद होना शुरू हो गया। आरोपियों ने उससे स्टॉक मार्केट मे इन्वेसमैन्ट करने की बात कह कर एक मोबाइल एप्लीकेशन उसके मोबाइल मे इन्सटोल करवा दी। इसके बाद आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड 46 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने यह राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। उसे ठगी का पता चला। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एक और आरोपी बिहार के जिला जमुई के गांव निमारंग निवासी आकाश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का अरोपी।

# डीडीए ब्रांच के एसआई सुंदर लाल बने इंस्पेक्टर, एसपी ने कंधों पर लगाए स्टार

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय की डीडीए ब्रांच में कार्यरत एसआई सुंदर लाल शुकवार को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत हो गए। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। एसपी ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी का ईमानदार व कर्मठ होना बहुत जरूरी है। जीवन में की गई मेहनत और ईमानदारी का फल अवश्य मिलता है। हमें जीवन में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास अवश्य करना चाहिए। जब भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने वर्तमान पद से पदोन्नत होता है तो उसकी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। एसपी ने भरोसा जताया कि वे अपनी जिम्मेदारी को उचित प्रकार से निभाएंगे और हर कसौटी पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है, इसलिए सेवा, सुरक्षा और सहयोग को अपना परम दायित्व मानते हुए सराहनीय कार्य कर समाज में पुलिस की बेहतर छवि के लिए कार्य करें। एसआई सुंदर लाल 5 जनवरी 1989 को पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए और पुलिस विभाग में अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हुए पदोन्नति पाकर इंस्पेक्टर के पद तक पहुंचे है। सुंदर लाल थाना शहर, जाटूसाना, सदर, बावल व धारूहेड़ा में भी बतौर अनुसंधान अधिकारी अपनी सेवाए दे चुके है।



रेवाड़ी। सुंदर लाल के कंधों पर स्टार लगाते एसपी।

## बाल भवन में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे किए रोपित

**रेवाड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को बाल भवन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण के लिए समाज को प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने की। पौधरोपण कार्यक्रम में बाल भवन के बच्चों ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।



रेवाड़ी। बाल भवन में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में मची खलबली

# डीटीपी ने दो एकड़ की अवैध कॉलोनी व दुकानें की ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को गढ़ी बोलनी रोड की राजस्व सीमा में अवैध कॉलोनी व ग्रीन बेल्ट में बनी दुकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी जिले में अवैध कॉलोनी विकसित होने के साथ अवैध निर्माण हो रहे है। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-गढ़ी बोलनी रोड स्थित गांव डवाना में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज किया। टीम ने यहां 3 डीपीपी का जमींदोज किया। इसके अलावा 30 मीटर ग्रीन बेल्ट में बनी दुकानों को ध्वस्त कर दिया।



रेवाड़ी। ग्रीन बेल्ट में अवैध दुकान तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें लोग: सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पार्थ अग्रवाल ने जेईई एडवांस्ड में पाई 593वीं रैंक



**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड स्थित बीएमजी एलिगेंट हाइट निवासी पार्थ अग्रवाल ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 593वीं रैंक हासिल कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोसायटी वासियों ने पार्थ को शुभकामनाएं दी। पार्थ दिल्ली रोड स्थित माउंट हेरीटेज स्कूल का छात्र रहा है। पार्थ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता पूनम व श्रेय अग्रवाल सहित गुरुजनों और समिति के सदस्यों के सहयोग को दिया है। समिति के प्रधान गजेंद्र, अनिल , एडवोकेट अश्वनी तिवारी, राहुल, नरेंद्र व पुजारी प्रकाश सहित सभी ने पार्थ अग्रवाल को बधाई दी है।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style

# तमन्ना

## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां



तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।

हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाजः डेनिस लेरी), सिड (आवाजः जॉन लेगुइजामो), बक (आवाजः साइमन पेग) और एली (आवाजः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नजर आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

**प्रदेशभर में ऐसे 582 सरकारी हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जहां की चारदीवारी मरम्मत योग्य**

# सरकारी स्कूलों की टूटी चारदीवारी होगी दुरुस्त, निदेशालय ने मांगा 3 दिन में ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सरकारी हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने अहम कदम उठाया है। प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में स्थित ऐसे 582 स्कूलों की पहचान की गई है, जिनकी चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) टूटी हुई है और मरम्मत की मांग कर रही है। निदेशालय ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को तीन दिन के भीतर आवश्यक दस्तावेज और बजट अनुमान भेजने का कड़ा अल्टीमेटम दिया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकुला की ओर से यूडीआईएसई डेटा के आधार पर तैयार की गई सूची की समीक्षा की गई थी। इस समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश के कुल 582 सरकारी हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की चारदीवारी मरम्मत योग्य है।

■ विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने उठाया अहम कदम

**»** ***यूडीआईएसई डेटा के आधार पर तैयार की गई सूची की समीक्षा की***

**»** ***टूटी हुई चारदीवारी की वर्तमान स्थिति दर्शाती रंगीन तस्वीरें भी निदेशालय को भेजनी होंगी***

## अधिकारियों को तीन दिनों में जमा कराने होंगे यह दस्तावेज

कार्यकारी अभियंता के निर्देशों के अनुसार तैयार की गई जियो टैगिंग रिपोर्ट भेजी जाएगी ताकि पीडब्ल्यूडी हरियाणा द्वारा बजट तैयार किया जा सके। इसके साथ ही चारदीवारी मरम्मत का विस्तृत लेआउट प्लान, नक्शा, मांग पत्र और निर्धारित प्रपत्र पर फिजिबिलिटी रिपोर्ट जो जेइ और एसडीई समग्र शिक्षा द्वारा तैयार की गई हो भी भेजनी होगी। इसके अलावा टूटी हुई चारदीवारी की वर्तमान स्थिति दर्शाती रंगीन तस्वीरें भी निदेशालय को भेजनी होगी। साथ में स्कूल की कुछ बुनियादी जानकारी भी सांझा करनी होगी। स्कूल के निर्माण का वर्ष, यूडीआईएसई कोड, एमआईएस कोड और संबंधित ब्लॉक का नाम भी भेजना होगा।

### इन जिलों को दिए निर्देश

निदेशालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, नूह, पलवल, पंचकुला, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर के जिला शिक्षा अधिकारियों को तुरंत निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार अधिकारियों को सकारात्मक रूप से आगामी तीन दिनों के भीतर सात महत्वपूर्ण दस्तावेज और जानकारियां मुख्यालय भेजनी होंगी।

### चाइल्ड वेल्फेयर फंड से भी हो सकेगी तुरंत मरम्मत

निदेशालय ने पत्र में फंड प्रबंधन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है। आदेश के तहत यदि संबंधित स्कूल के कंसोलिडेटेड चाइल्ड वेलफेयर फंड में पर्याप्त राशि उपलब्ध है और मरम्मत की अनुमानित लागत एक लाख रुपये से कम है, तो इस कार्य को तुरंत कंसोलिडेटेड चाइल्ड वेलफेयर फंड से ही पूरा करवाया जाए ताकि देरी न हो। वहीं जिन स्कूलों के पास इस फंड में पर्याप्त राशि नहीं है, उनके विस्तृत बजट अनुमानों को अगले तीन दिनों में अनिवार्य रूप से शिक्षा निदेशालय को भेजा जाए ताकि लोक निर्माण विभाग हरियाणा के माध्यम से बजट स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य समय पर शुरू करवाया जा सके।



नारनौल। पार्षदों के साथ बैठक करते डीएमसी रणवीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## डीएमसी ने पार्षदों संग बैठक कर बनाई भविष्य की रणनीति

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार चार और पांच जून को चलाया गया दो दिवसीय सघन स्वच्छता और 'माई प्लांट, माई रिस्पांसिबिलिटी' पौधरोपण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभियान की समाप्ति पर शुक्रवार डीएमसी रणवीर सिंह ने सभी वार्ड पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएमसी ने पार्षदों की स्थानीय समस्याओं व शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और शहर की सफाई व्यवस्था को भविष्य में भी इसी उच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए रणनीति तैयार की। रणनीति के तहत वार्ड स्तर पर कचरा संवेदनशील बिंदुओं की नियमित निगरानी करने और साफ किए गए स्थानों को सुंदर बनाए रखने पर सहमति बनी। पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई मित्रों और मशीनों की आवश्यकताओं से अवगत कराया।

## खबर संक्षेप

### सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए किया प्रेरित

**कोसली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में भारतीय भाषा समर कैंप के पांचवे दिन बच्चों को कहानियों, संवादों, नुक्कड़ नाटक, सामाजिक लघु फिल्मों के माध्यम से स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, कलाकारों व महापुरुषों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट आकाश यादव के पिता सतबीर सिंह यादव ने विद्यार्थियों को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य दयानंद भारद्वाज ने बच्चों को क्षेत्र के शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा विशिष्ट ख्याति प्राप्त व्यक्तियों के बलिदानों के बारे में अवगत कराया।

### पौधरोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं

**रेवाड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। डीसी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर सीटीएम जितेंद्र कुमार व जिला वन अधिकारी दीपक चंदा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### वरिष्ठ नागरिक रहें खुशहाल कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 7 जून को पंजाबी धर्मशाला में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान का कार्यक्रम 'वरिष्ठ नागरिक रहें स्वस्थ व खुशहाल-युवाओं के लिए बनें मिसाल' का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा शिक्षाविद प्रो सी एल सोनी विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से प्राचार्य राजेन्द्र सिंह यादव, नवनिर्वाचित पार्षद एडवोकेट चंदन यादव, सचिन अनन्त व एचएसवीपी के पूर्व जिला प्रधान रामरतन यादव को सम्मानित किया जाएगा।

### नगर पार्षद व मार्केट एसोसिएशन प्रतिनिधि हुए शामिल

# स्वच्छता को लेकर नप की बैठक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर जोर

**बाजार में दुकान के बाहर, आसपास अथवा किनारों पर कूड़ा पाया गया तो प्रतिष्ठान पर लगेगा जुर्माना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। नगर परिषद में आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए ईओ नांदल।

नगर परिषद् में शुक्रवार को शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यानि एसडब्ल्यूएम रुल्स को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर डस्टबिन सिस्टम एवं स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। बैठक में डीएमसी ब्रह्मप्रकाश अहलावत, चेयरपर्सन विनीता पीपल, ईओ अरुण नांदल व एक्सईएन अंकित वशिष्ठ सहित सभी वार्ड पार्षद व मार्केट एसोसिएशनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी को वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम से अवगत कराया गया। बैठक में स्त्रोत पर ही कचरे के पृथक्करण के महत्व पर जोर दिया गया तथा सभी को अपने-अपने वार्डों और बाजारों में प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बाजारों की स्वच्छता, सौन्दर्यकरण व व्यवस्थित व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर ईओ अरुण नांदल ने कहा कि प्रत्येक प्रतिष्ठान पर डस्टबिन होना अनिवार्य है। यदि किसी दुकान के बाहर, आसपास अथवा किनारों पर कूड़ा पाया जाता है तो प्रतिष्ठान पर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी दुकानों के शटर के सामने का स्थान खाली रखें तथा वहां पौधों युक्त गमले लगाकर बाजार को स्वच्छ, हरित एवं आकर्षक बनाने में सहयोग करें। इससे न केवल बाजार की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि ग्राहकों के आकर्षण में वृद्धि होने से व्यापार एवं आजीविका को भी लाभ मिलेगा। उनहोंने कहा कि जिन स्थानों पर घरेलू वेस्ट पानी को अवैध रूप से सीवर से जोड़ा गया है, उन पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी। ईओ ने कहा कि जो नालियां सीधे सीवर से कनेक्ट हैं, उन पर सुरक्षा के लिए जाली लगाने का कार्य भी किया जाएगा। इस मौके पर गोकल गेट स्थित सार्वजनिक टॉयलेट को पेड शौचालय के रूप में विकसित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों से सहयोग मांगा गया।

### नप डस्टबिन उपलब्ध कराए

पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेन्द्र वशिष्ठ ने सुझाव दिया गोकल गेट टॉयलेट के साथ स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर को यदि किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए तो इसका दायरा बढ़ाया जा सकता है तथा भविष्य में किसी संभावित दुर्घटना से भी बचाव भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि मेन बाजार में नगर परिषद की ओर से भी डस्टबिन होने भी जरूरी है। इस मौके पर जेई कुशल कुमार, पार्षद प्रदीप भार्गव, प्रवीण चौधरी, रंजना भारद्वाज, शिल्पी शर्मा, संतोष यादव, रीना गुप्ता, पवन बठला, गोपाल कृष्ण, संतोष जांगिड़, पूनम, निहाल सिंह, मनीष टिकानियां, श्री भगवान, रचना राव, रवि कुकरेजा, लव खरबंदा व दिनेश सचदेवा सहित अनेक पार्षद व व्यापारी मौजूद थे।

# चोरी की बाइक सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डहीना



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

डहिना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में जिला महेंद्रगढ़ के गांव नांगल मोहनपुर निवासी प्रीतम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गत 4 जून को गांव डहीना निवासी सुरेन्द्र ने दी शिकायत में बताया कि उसकी बस स्टैंड पर फल फ्रूट की दुकान है। 3 जून को शाम के समय उसकी दुकान के सामने से कोई व्यक्ति बाइक को चोरी करके ले गया। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी प्रीतम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

■ 3 जून को दुकान के सामने से हुई थी चोरी

### कोसली क्षेत्र से महिला लापता

**कोसली।** कोसली क्षेत्र से एक 27 वर्षीय महिला बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। महिला के पति ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह करीब तीन साल से अपने बच्चों व पत्नी के साथ क्षेत्र की कॉलोनी में रह रहा है। उसकी पत्नी व बच्चे रात को सो गए थे। जब वह प्रातः उठा तो बच्चों ने बताया कि मम्मी घर पर नहीं है। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

## नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को मंगलेश्वर माजरी बस स्टैंड पर एक युवक को नशीला पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बावल पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। एचएसएनसीबी की टीम को सूचना मिली थी कि मंगलेश्वर माजरी निवासी जतिन नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह गांव के बस स्टैंड पर नशीले पदार्थ के साथ खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद एएसआई सुरेश कुमार की टीम मौके पर पहुंच गई। वहां खड़े एक युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 8.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम जतिन बताया। उसे गिरफ्तार करने के बाद टीम ने संबंधित पुलिस थाने में केस दर्ज करा दिया।



# पूर्व सांसद किरण चौधरी का मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। नूनी मोड़ पर पूर्व मंत्री किरण चौधरी का जन्मदिन मनाते देवेंद्र हुडीना।

पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता किरण चौधरी का जन्मदिन गुरुवार को नूनी मोड़ पर उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल क्लब के जिला प्रधान देवेंद्र हुडीना की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने छोटी बच्चियों के साथ केक काटकर किरण चौधरी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। देवेंद्र हुडीना ने कहा कि किरण चौधरी ने प्रदेश की राजनीति में ऑयरन लेडी के रूप में सशक्त पहचान बनाई और अपनी कार्यशैली की बदौलत जनता के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने शीतला माता मंदिर परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत त्रिवेणी का पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में अतर सिंह पार्षद, सुल्तान पार्षद, राजकुमार नीरपुर, शमशेर चौधरी, दाताराम सैनी, मुकेश सैनी, प्रेमचंद सैनी, चंद्रभान सरपंच, सहदेव सरपंच, मीरचंद ठेकेदार, धर्मवीर गहली, राजेंद्र शर्मा, जितेंद्र जित्तू, सचिन कुमार, अनिल कुमार, सूर्या, मनोज शर्मा, बीरसिंह बोहरा, अशोक सेका, प्रदीप यादव, सोमवीर आदि मौजूद थे।

### शक्ति की पहचान हैं किरण चौधरी : दीपांकन

**नारनौल।** प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी से चंडीगढ़ स्थित आवास पर एडवोकेट दीपांकन गुप्ता ने मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म हरियाणा प्रदेश समिति के जिला सह संयोजक वं स्व. लाला ओमप्रकाश गुप्ता के पौत्र एडवोकेट दीपांकन गुप्ता ने कहा कि किरण चौधरी अदम्य साहस और प्रखर नेतृत्व की धनी हमारी आदरणीया है। राजनीति में वह अपनी अलग पहचान रखती है। उनके द्वारा करवाएं गए विकास कार्य को हरियाणा प्रदेश याद कर रहा है।

## 38 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त आईटीबीपी सब इंस्पेक्टर का सम्मान

■ कुम्हार धर्मशाला में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रगतिशील प्रजापति संगठन की ओर से शुक्रवार को नसीबपुर स्थित कुम्हार धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के जिला प्रधान मोहर सिंह की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में गणेश कॉलोनी निवासी एवं इंडो–तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) से सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए सुरेश कुमार को समाज की ओर से पगड़ी पहनाकर एवं फूलमाला से सम्मानित किया गया। संगठन के प्रधान मोहर सिंह एवं सीताराम ने कहा कि आईटीबीपी जैसी प्रतिष्ठित सुरक्षा बल में 38 वर्षों तक देश की सेवा करना गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि सुरेश कुमार ने अपने कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित कार्यकाल से समाज का नाम रोशन किया है तथा युवाओं के लिए प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। समारोह के दौरान समाजसेवी शांता कुमार आर्य द्वारा लिखित पुस्तक 'पिछड़ा वर्ग हरियाणा की मुख्य मांगें' भी सुरेश कुमार को भेंट की गई। वहीं संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नारनौल आगमन पर उनसे संगठन की धर्मशाला में आने का आग्रह भी किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद सुरेश कुमार ने कहा कि अब तक उन्होंने देश और परिवार के लिए अपनी सेवाएं दी हैं।

### ग्रीष्म कालीन कैंप का किया निरीक्षण

**धारूहेड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कापड़ीवास में चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्म कालीन शिविर के पांचवे दिन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से डा. रामफल शास्त्री ने बच्चों की सभी गतिविधियों का निरीक्षण किया। हरियाणा सर्व शिक्षा परियोजना परिषद तथा जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा के आदेशानुसार विद्यालयों में 7 जून तक कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भारतीय भाषाओं में रुचि बढ़ाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों को विभिन्न शहीदों व महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, राव तुलाराम पर हिंदी फिल्म दिखाई गई।

**किसी को ओटीपी की जानकारी न दें : एसपी**

# सतर्कता साइबर ठगों के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत

***साइबर अपराधी हर दिन नए-नए तरीकों से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आजकल साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। थोड़ी सी सावधानी लोगों को बड़े नुकसान से बचा सकती है। उन्होंने कहा कि सतर्क नागरिक ही साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत हैं। इसलिए जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें।



रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

### साइबर ठगी से बचने के उपाय

अनजान लिंक पर क्लिक न करें। वाट्सएप, एसएमएस व ईमेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक को बिना जांचे न खोलें। बैंक डिटेल किसी से साझा न करें। बैंक, पुलिस या कोई सरकारी एजेंसी कभी फोन पर ओटीपी, एटीएम पिन या सीवीवी नंबर नहीं मांगती है। फर्जी कॉल और वीडियो कॉल से सावधान रहें। पुलिस अधिकारी, सीबीआई व कस्टम ऑफिसर बनकर डराने वाले कॉल साइबर ठगी हो सकते हैं। सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखें। मजबूत पासवर्ड रखें और टू-फैक्टर आथटेंशन चालू करें। ऑनलाइन खरीदारी में सावधानी बरतें। केवल भरोसेमंद वेबसाइट या ऐप से ही खरीदारी करें। एडवांस भुगतान सोच-समझकर करें। स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड न करें। एनी डेस्क व क्विक सर्पोट जैसी ऐप किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर डाउनलोड न करें। यूपीआई से भुगतान करते समय ध्यान रखें। पैसे प्राप्त करने के लिए पिन नहीं डालना पड़ता है। पिन डालने का मतलब भुगतान करना होता है। साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 व साइबर पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करें।

**»** ***संदिग्ध लिंक को बगैर जांचे खोलने की भूल न करें***

# पर्यावरण संरक्षण केवल कानूनी कर्तव्य नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व : वाधवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एडीआर केंद्र में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीएस वाधवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डीसी अभिषेक मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनू सोलख ने कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यक्रम में जिला वन अधिकारी दीपक नंदा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर अतिथियों ने एडीआर केंद्र परिसर में पौधारोपण किया और सभी को सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने और प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाधवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल कानूनी कर्तव्य ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने और आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण आज समय की मांग है।

**सूचना**

मैं, आनन्द सिंह पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी गांव नाहड़ उप तह० नाहड़ जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री की एल.आई.सी पोलिसी न० 179560506 में उसका नाम गलती से कशीश दर्ज है। जबकि उसका वास्तविक व सही नाम वीना है जो कि उसके आधार कार्ड में भी दर्ज है। कशीश व वीना दोनों नाम मेरी एक ही पुत्री के हैं।

**ग्राम पंचायत माजरा श्योराज**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव माजरा श्योराज, खण्ड व जिला रेवाड़ी, जोहड़ को मछली पालन हेतु पट्टे पर छोड़ने हेतु नीलामी दिनांक 12 जून 2026 को प्रातः 10 बजे पंचायत घर में खुली बोली के माध्यम से की जाएगी। जिसकी सिक्युरिटी राशि 20000/-रूपये होगी। जो भी व्यक्ति बोली लगाना चाहे व 12 जून 2026 को प्रातः 10 बजे पंचायत घर माजरा श्योराज में पहुंच कर बोली लगा सकता है। जो भी नियम व शर्तें होंगी, मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत माजरा श्योराज
मो. नं. 9812557954

## अभियान में सभी मतदाता एवं राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी

जिले में 15 से शुरू होगा सघन पुनरीक्षण अभियान

# बीएलओ घर-घर जाकर वोटर फार्म करेंगे वितरित


रेवाड़ी। प्रेस कांफ्रेस में जानकारी देते डीसी अभिषेक मीणा व मौजूद अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### आम नागरिक सहयोग के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर ले सकते जानकारीः डीसी

जिला प्रशासन की ओर से एसआईआर में आम नागरिकों के सहयोग के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी मतदाता एसआईआर के बारे में इस नंबर पर जानकारी ले सकता है। मतदाता चाहे तो वह वोटर्स.ईआईसी.इन पर लॉग इन कर ऑनलाइन भी अपना एसआईआर का फॉर्म भर सकता है। वर्ष 2002 में इससे पहले यह सर्वे किया गया था। उसी सूची को आधार मान कर यह नई शुद्ध मतदाता सूची बनाई जाएगी।
-अभिषेक मीणा, डीसी रेवाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में सघन पुनरीक्षण अभियान यानि एसआईआर 15 जून से शुरू होने जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणो ने कहा कि अभियान को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाएगा, जिसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी, कोसली और बावल में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभियान में सभी मतदाता एवं राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई, 2026 को वोट बनवाने की निर्धारण तिथि मानकर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बीएलए, बीएलओ व सुपरवाइजर को प्रशिक्षण तथा फार्म प्रकाशित करने का कार्य 14 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। 15 जून से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटर फार्म वितरित करेंगे, जिन्हें मतदाताओं को स्वयं भरना है और उन्हें हस्ताक्षर कर अगले राउंड में बीएलओ जब घर आए तो उसे वापस करना है। इस फार्म पर सभी मतदाता अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लगाएं। दूसरे राउंड में बीएलओ को घर पर कोई वोटर नहीं मिला तो वह तीसरी बार फिर राउंड लगाएगा। इस मौके पर बावल के एसडीएम संजीव कुमार, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक अमित पवार व निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार अजय कुमार उपस्थित थे।

**एसआईआर सर्वे को सटीक बनाने के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र की मैपिंग की गई है, जिसका कार्य 78 प्रतिशत पूरा हो चुका**

### 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची होगी प्रकाशित

डीसी मीणा ने बताया कि 21 जुलाई को तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, जिस पर मतदाताओं से दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। ये दावे एवं आपत्ति मतदाता 20 अगस्त, 2026 तक जमा कराई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर तक इन दावे और आपत्तियों का निपटान किया जाएगा। इसके बाद 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। डीसी ने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य एक शुद्ध एवं वास्तविक मतदाता सूची तैयार करना है। इसे लेकर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया या प्रचार के अन्य किसी माध्यम से भ्रामक खबरें फैलाता है तो मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी इस मामले में कार्रवाई करेगी।

### जिले में 7.39 लाख से अधिक वोटर

डीसी ने बताया कि वर्तमान में जिले में 7 लाख 39 हजार 338 मतदाता हैं, जिनमें बावल आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 30 हजार 37, कोसली में 2 लाख 48 हजार 951 और रेवाड़ी में 2 लाख 60 हजार 350 वोटर हैं। जिला में 792 पोलिंग बूथ और इतने ही बीएलओ पर 82 सुपरवाइजर हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा एक जुलाई 2026 को 18 साल या इससे अधिक आयु के हो जाएंगे, वे अपना वोटर फार्म अवश्य भरें। डीसी ने बताया कि एसआईआर सर्वे को सटीक बनाने के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र की मैपिंग की गई है, जिसका कार्य 78 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

## योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाताः राज सिंह

■ पतंजलि परिवार की ओर से बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद समिति के सदस्य व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ कोसली में पतंजलि परिवार की ओर से आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति दयानंद आर्य ने शिविर के दौरान लोगों को योग, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया। शिविर में पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी राज सिंह, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट कोसली के तहसील प्रभारी सोमदत्त आर्य तथा योग शिक्षक प्रहलाद सिंह उपस्थित थे। योग शिक्षक प्रहलाद सिंह ने साधकों को अनेक योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराते हुए नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला प्रभारी राज सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। शिविर संयोजक दयानंद आर्य ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने की कला है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोग रहता है, मन शांत रहता है तथा व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहता है। उन्होंने शिविर में सहयोग करने वाले सभी योग साधकों, अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद**

शिविर में राजेश बाई तहसील प्रभारी, सतबीर सिंह, राजबाला, कमला, सुशीला, सरोज, कांता, मुकेश, सुषमा व सरला सहित अनेक योग साधक मौजूद थे।

### डा. चंद्र त्रिखा की पत्नी के निधन पर जताया शोक

रेवाड़ी। बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् के मुख्य संरक्षक तथा हरियाणा उर्दू अकादमी के निदेशक वरिष्ठ साहित्यकार डा. चंद्र त्रिखा की धर्मपत्नी सुशीला त्रिखा के निधन पर परिषद् परिवार ने शोक जताया है। परिषद् के महासचिव सत्यवीर नाहड़िया ने बताया कि 84 वर्षीय सुशीला पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। चपरिषद् के पदाधिकारी एडवोकेट नरेश चौहान, बिमल गुप्त, ऋषि सिंहल, रोहित यादव, डा. प्रवीन खुराना, कृष्णभगवान गोयल, आचार्य रामतीर्थ व ईश्वर सिंह सहित परिषद से जुड़े क्षेत्र व प्रदेश भर के साहित्यकारों ने सुशीला त्रिखा के निधन पर शोक जताया है।

**न्यूज डायरी**



### खोरी गांव के 10 युवकों का सेना में चयन, ग्राम पंचायत ने किया सम्मान

खोरी। क्षेत्र के गांव खोरी के 10 युवकों का भारतीय सेना में चयन हुआ है। युवकों की उपलब्धि पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत ने नवचयनित युवकों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि युवाओं ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर भारतीय सेना में स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन किया है। वक्ताओं ने कहा कि सेना में भर्ती होना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश की सेवा और सुरक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व है। खोरी गांव के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। ग्राम सरपंच रेखा देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।
गांव से विवेक श्योराण, गौरव ढुहन, राहुल श्योराण, मनीष श्योराण, मुकुल भारद्वाज, रोहित भारद्वाज, कार्तिक श्योराण, हर्ष श्योराण, अमित श्योराण तथा आशीष कुमार का सेना में चयन हुआ है।

## पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण जरूरीः दीपक वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से शुक्रवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कंपनियों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी डा. नम्रता सचदेवा ने की। इस मौके पर डा. सचदेवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विद्यार्थी यदि अपने आसपास एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर प्रदूषण विभाग से दीपक वर्मा सहायक पर्यावरण अभियंता ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा तथा जल, वायु एवं भूमि प्रदूषण को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कंपनी के प्रतिनिधि अजय चंदोलकर और अरुण सिंहा ने कहा कि उद्योगों और समाज दोनों को मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए। प्लास्टिक के उपयोग को कम करके हरित एवं स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर दीपक, सुरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार, श्रीकांत, जिले सिंह व प्रदीप कुमार सहित विद्यालय से बबीता, रीना वं सुनीता उपस्थित रहीं। विद्यालय के खेल मैदान में पौधरोपण भी किया गया।

### पिकअप की टक्कर से ट्रैक्टर सवार युवक की मौत

रेवाड़ी। वीरवार देर सांय नांगल जमालपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से ट्रैक्टर पर सवार एक युवक की मौत हो गई। चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। ऊंचा जमालपुर निवासी 39 वर्षीय धर्मबीर एक ट्रैक्टर पर कार्य करता था। वीरवार को देर सायं वह ट्रैक्टर पर अपने गांव लौट रहा था। नांगल जमालपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। धर्मबीर झटका लगने के कारण सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे घायलावस्था में कुंड के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रेवाड़ी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज इंटरनेशनल स्कूल की ओर से नेहरू पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल के पर्यावरण क्लब के विद्यार्थियों ने बरगद, पीपल और सहस्रधारा के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही छात्रों ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और स्वच्छता पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर अब और प्लास्टिक नहीं का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण पर हिंदी और अंग्रेजी में भाषण भी दिए। इस मौके पर स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि पर्यावरण शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बच्चों को प्रकृति से जोड़कर व्यावहारिक अनुभव देना आवश्यक है। आज के विद्यार्थी पौधरोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को अपनी आदत में लाएंगे, तो आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण मिलेगा। स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को केवल एक दिन का आयोजन न मानकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल देना चाहिए।





### विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग व भाषण से दिश पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कोसली। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने वरिष्ठ प्रवक्ता स्वरूप रानी की देखरेख में अनेक पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने की शपथ भी दिलाई। भारतीय भाषा के समर कैंप के पांचवें दिन स्वरूप रानी, पूजा देवी और मनीष यादव ने विद्यार्थियों को महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व और कार्यों की जानकारी दी। एसएमसी प्रधान सहित सुरेश कुमार, संतरा देवी और विजयपाल मौजूद रहे।


रेवाड़ी। विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते डा सुरेंद्र एवं स्टाफ सदस्य।

### पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान

कोसली। शहीद जीतराम आदर्श संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में शुक्रवार को पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की एसएमसी की प्रभारी पिंकी यादव ने कहा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए। प्लास्टिक भी पर्यावरण को दूषित करता है। प्लास्टिक के प्रयोग से जहरीले तत्व हमारे शरीर में जाकर स्वास्थ्य को भारी हानि पहुंचाते हैं। डाइट हुसैनपुर के ट्रेनर डा. नरेन्द्र ने समस्त स्टाफ के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रवक्ता उगेश यादव, सुमन लता, ज्योति यादव, नरेन्द्र यादव, यशवीर, अजय कुमार, मनीष कुमार, डीपीई पवन कुमार, सोमवीर व प्रमोद यादव मौजूद थे।

## प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधे लगाना जरूरीः डीएमसी

■ पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पार्क में पौधरोपण करते हुए डीएमसी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद की ओर से सेक्टर-1 स्थित नेहरू पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला नगरायुक्त ब्रह्मप्रकाश अहलावत ने पार्क में पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारियो, कर्मचारियों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस मौके पर डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य का आधार भी बनते हैं। इस अवसर पर सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा हर वर्ष पौधरोपण करने का संकल्प लिया।


रेवाड़ी। पौधरोपण करते हुए पतंजलि समिति के सदस्य।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

रेवाड़ी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पतंजलि परिवार की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दयाराम आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, मुकेश कुमार जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट तथा कैप्टन राजेंद्र सिंह तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। इस मौके पर आर्य ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का आभूषण हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मुकेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण जन-जन का दायित्व बन गया है। कै. सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, छाया, फल एवं औषधीय लाभ प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में प्रवक्ता सोमबीर यादव, डा. मनीषा शर्मा, रेखा रोहिल्ला, कैप्टन फकीर चंद व चंद्रपाल यादव सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद थे।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर चौधरी चरण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर में कार्यक्रम**

# पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंः डा. कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल


रेवाड़ी। कृषि महाविद्यालय में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर बावल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डा. नरेश कौशिक ने शिरकत की। प्राचार्य ने विधायक के साथ रिसर्च सेंटर में पौधरोपित कर सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन जैसे सुअवसरों पर पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने की शपथ लेनी चाहिए। उन्होंने कहा की सिर्फ फोटो सेशन का काम न करें, बल्कि पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें ताकि प्रकृति सुरक्षित रहे, क्योंकि पेड़ बचेंगे तो आने वाली पीढ़ियां भी सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि खेत बचाओ अभियान भी शुरू किया जा रहा है। खेत बचाओ अभियान कोई एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी, खेती और आने वाली पीढियों के भविष्य को सुरक्षित करने का राष्ट्रीय जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि हमारी मिट्टी हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। मिट्टी स्वस्थ रहेगी तो फसल अच्छी होगी और किसान भी समृद्ध होगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि नियमित रूप से मिट्टी का परीक्षण कराएं। नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश तथा सूक्ष्म पोषण तत्वों का संतुलित उपयोग करें। इसके प्रयोग से भूमि की उत्पादकता व फसल की गुणवत्ता भी बढ़ती है। सभी कियान प्राकृतिक खेती अपनाएं। उन्होंने किसानों से फसल विविधीकरण और मिश्रित खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मवीर यादव, डा. बलबीर सिंह, बोलनी मंडल अध्यक्ष रमेश लोर, महामंत्री निहाल सिंह चौकन व घनश्याम बागड़ी सहित अनेक किसान मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरतः डा. बनवारी



बावल। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बावल क्षेत्र के गांव आसरा का माजरा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने शिरकत की। पूर्व मंत्री ने गांव के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बरगद, नीम और पीपल की त्रिवेणी रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर डा. बनवारी लाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रहा तापमान और पर्यावरण असंतुलन सभी के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी केवल पौधे नहीं हैं, बल्कि यह हमारी संस्कृति में जीवनदायी ऑक्सीजन और शुद्ध वातावरण का मुख्य स्रोत हैं। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण देना है, तो केवल पौधे लगाने से काम पूरा नहीं होगा, बल्कि उनका पालन-पोषण बच्चों की तरह करना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन व विवाह उत्सव पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और क्षेत्र को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें। **ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प** इस मौके पर कार्यक्रम में गांव के मौजिज लोगों और युवाओं ने ने संकल्प लिया कि वे न केवल इस त्रिवेणी की देखभाल करेंगे, बल्कि गांव के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इस मौके पर सरपंच बीर सिंह, महेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच भागमल नंबरदार, ओम प्रकाश, बलबीर महलावत, सतीश शर्मा, दलेल चौहान और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह सहित सामाजिक कार्यकर्ता और अनेक ग्रामीण मौजूद थे।